प्रेस विज्ञप्ति/ प्रकाशनार्थ

28 फरवरी , 2021 गोरखपुर ।

रोटरी क्लब युगल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा जटाशंकर, मे गुरु श्री गोरखनाथ ब्लड बैंक,गोरखनाथ चिकित्सालय के सहय्योग से किया गया। इस रक्तदान शिविर का उद्देश्य है रक्तदान द्वारा मरीजों के प्राणो की रक्षा करते हुये समाज कल्याण करना।

इस अवसर पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने बताया की रक्तदान द्वारा नर सेवा होता है और नर सेवा ही नारायण सेवा है,आपके किये गए रक्तदान से मरीज को जीवनदान मिलता है।कोई भी स्वस्थ्य ब्यक्ति जिसकी उम्र 18 से 65 हो हीमोग्लोबिन 12.5 से ऊपर हो ब्लड प्रेसर नार्मल हो हर तीन महीने के अंतराल पर रक्तदान कर राष्ट्र सेवा कर सकता है।

इस अवसर पर सिद्धार्थ, राहुल, करण, सत्यप्रकाश, अजीत, मणी ,इत्यादि ने रक्तदान किया। इस कार्यक्रम मे रोटरी क्लब युगल के सदस्य और गुरूद्वारे के श्री जशपाल सिंह,जगनयन सिंह श्री राजेंद्र सिंह के साथ नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सभी रक्तदाताओं को ब्लड बैंक द्वारा सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र , की चैन,कॉफ़ी मग आदि दिया गया । वैश्विक महामारी कोविड को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में सोशल डिस्टेंस, हैण्ड सैनिटाइजेशन तथा मास्क इत्यादि के साथ रक्तदाताओ का चिकित्सीय परिक्षण, हीमोग्लोबिन, बी.पी. पल्स, ब्लड ग्रुप इत्यादि जाँच की गई।

का डोनेट कर, इन्सानियत का